पत्र संख्या –26 / विविध–06–32 / 2026 ............................/

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**आदेश**

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, नवगछिया के अंतर्गत **Anti Erosion work in Jhalladas & Gyanidas tola on the Left bank of river Ganga** कार्य **Agenda No-244/34/2026** के तहत संवेदक मेसर्स बृज नन्दन सिंह, पार्ट–बृज नन्दन सिंह जिला–भोजपुर, बिहार को आवंटित किया गया।

2. कार्य को ससमय पूर्ण कराने हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से संवेदक को कार्य स्थल पर मशीनरी एवं श्रमबल बढ़ाकर ससमय कार्य पूर्ण कराने के लिए निदेशित किया गया, इसके बावजूद संवेदक द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। फलस्वरूप दिनांक–03.06.2026 तक कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 23 प्रतिशत हीं रही, जो अपेक्षित प्रगति 50 प्रतिशत से काफी कम है।

उक्त कार्य आपदा जनित कार्य है, जिसे हर हाल में निर्धारित तिथि तक पूर्ण कराने का लक्ष्य है। इतने महत्वपूर्ण कार्य को ससमय पूर्ण कराने में संवेदक द्वारा अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार के पत्रांक–1813 दिनांक–25.05.2026 द्वारा संवेदक मेसर्स बृज नन्दन सिंह, पार्ट–बृज नन्दन सिंह जिला–भोजपुर, बिहार को डिबार करने की अनुशंसा की गयी।

3. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–2851 दिनांक–27.05.2026 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी। तदालोक में संवेदक द्वारा पत्रांक–शून्य दिनांक–01.06.2026 से कारण पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित किया गया।

4. संवेदक से प्राप्त कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर की समीक्षा बाढ़ (मो0) से करायी गयी। समीक्षा में उनके द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 23 प्रतिशत हीं है, जो वर्क प्रोग्राम के अनुसार समानुपातिक नहीं है। साथ ही स्थल पर कराये जाने वाले सभी महत्वपूर्ण **Items** के कार्यान्वयन की दैनिक प्रगति, कार्यरत श्रमबल एवं कार्य में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों की उपलब्धता भी अपेक्षाकृत कम है। आपदा से संबंधित कार्य होने के बावजूद संवेदक द्वारा समानुपातिक प्रगति लाने हेतु विशेष प्रयास नहीं किया गया, जो कार्य के प्रति लापरवाहीं एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतः मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा एवं बाढ़ (मो0) द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11 (क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक मेसर्स बृज नन्दन सिंह, पार्ट–बृज नन्दन सिंह, ग्राम+पो0–लहठान, जिला–भोजपुर, बिहार पिनकोड–802202 (निबंधन सं0–**WRD270426C1PF24170467**, श्रेणी–प्रथम) को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया जाता है।

ह0 / –

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांक : 26 / विविध–06–32 / 2026 पटना / दिनांक :..................................

प्रतिलिपिः– मेसर्स बृज नन्दन सिंह, पार्ट–बृज नन्दन सिंह, ग्राम+पो0–लहठान, जिला–भोजपुर, बिहार, पिनकोड–802202 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–32 / 2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–32 / 2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना / सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग / सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग / अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना / अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना / निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–32 / 2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार के पत्रांक–1813 दिनांक–25.05.2026 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–32 / 2026 3128 पटना, दिनांक :3/6/26.................

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

03/6/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।